भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1521

09.02.2026 को उत्तर के लिए

ग्रेट इंडियन बस्टर्ड अभयारण्य की अधिसूचना

1521. सुश्री प्रणिती सुशीलकुमार शिंदे:

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री यह** बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को शोलापुर जिले में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (मालधोक) अभयारण्य की अधिसूचना के बाद से अभयारण्य की सीमा में कृषि योग्य भूमि को गलत तरीके से शामिल किए जाने सहित किसानों को हो रही कठिनाइयों की जानकारी है;

(ख) क्या भूमि अभिलेखों के सत्यापन, शिकायतों के निवारण और प्रभावित किसानों को उनकी वैध कृषि भूमि वापस दिलाने के लिए कोई समीक्षा या पुनर्सर्वेक्षण किया गया है;

(ग) क्या मालधोक के संरक्षण और किसानों के आजीविका अधिकारों के बीच संतुलन सुनिश्चित करने के लिए ऐसी समीक्षा पूरी होने तक खेती की अनुमति देने सहित कोई कदम उठाए गए हैं या उठाए जाने हैं; और

(घ) क्या वन्यजीव संरक्षण कानूनों का किसानों के विरुद्ध दुरुपयोग रोकने और उक्त अभयारण्य के प्रबंधन में स्थानीय हितधारकों को शामिल करने के लिए कोई उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (घ): वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों की अधिसूचना के लिए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को सशक्त बनाता है। महाराष्ट्र राज्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (मालधोक) अभयारण्य को युक्तिसंगत बनाया गया है।

वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 यह भी प्रावधान करता है कि प्रबंधन योजना के अनुसार राष्ट्रीय उद्यान और अभयारण्यों का प्रबंधन किया जाता है। वन्यजीव प्रबंधन के लिए स्थानीय लोगों की भागीदारी के माध्यम से पारि-विकास कार्यकलाप शुरू किए जाते हैं।

*****